**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 07.09.2026**

**थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ के उपरांत घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया, कब्जे से अवैध 02 तमंचे, 02 खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस व चोरी की स्कूटी बरामद।**

आज दिनांक 06-09-2026 को थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्तगण की तलाश हेतु मुखबिर की सूचना पर खानपुर जंगल के पास चेकिंग की जा रही थी तभी स्कूटी पर सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये जिन्हें पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया तो स्कूटी सवार भागने लगे और भागते हुए पुलिस टीम पर फायर करने लगे जिसमें पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्यवाही की गई, मुठभेड़ के दौरान दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगी, जिसके पश्चात पुलिस द्वारा दोनों अभियुक्तो को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता -**

1. गुलजार पुत्र मुस्ताक, निवासी बड़ी मस्जिद के पास, सुधीर एनक्लेव, रामपार्क, थाना ट्रॉनिका सिटी, कमिश्नरेट गाजियाबाद, उम्र करीब 20 वर्ष।
2. एहसान पुत्र कल्लू उर्फ नदीम, निवासी बड़ी मस्जिद के पास, सुधीर एनक्लेव, रामपार्क, थाना ट्रॉनिका सिटी, कमिश्नरेट गाजियाबाद, उम्र करीब 22 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

कब्जे से अवैध 02 तमंचे, 02 खोखा कारतूस, 02 जिन्दा कारतूस व चोरी की स्कूटी बरामद

**गिरफ्तारी करने वाली टीम -**

थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस टीम

**थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी व छिनैती करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की मोटर साइकिल बरामद।**

आज दिनांक 07.09.2026 को थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वाहन चोरी व छिनैती करने वाले अभियुक्त (1) अमन उर्फ भूरा पुत्र असलम निवासी जाट वाली गली एस़डी इंटर कालिज अशोक विहार लोनी गाजियाबाद उम्र 22 वर्ष (2) रिहान पुत्र शाहिद निवासी अखाडे वाले गली, मेहताब मेडिकल स्टोर के पास अशोक विहार लोनी गाजियाबाद उम्र 20 वर्ष को चित्रावन सोसायटी के पास थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से 01 मोटर साइकिल अपाचे बरामद हुई जिस पर फर्जी नम्बर प्लेट लगायी गयी थी, जिसके चेचिस नम्बर से चैक किया गया तो पाया कि उक्त मोटर साइकिल थाना नन्दग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद से चोरी हुई है, जिसके सम्बन्ध मे थाना नन्दग्राम पर अभियोग अन्तर्गत धारा 303(2) बी.एन.एस पंजीकृत होना पाया गया। अभियुक्तो से चोरी की मोटर साइकिल बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर धारा 317(2)/341(1) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्तो के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्तो ने पूछताछ करने पर जुर्म को स्वीकार करते हुए बताया कि हमसे जो मोटर साइकिल बरामद हुई है इस मोटर साइकिल को हमने करीब 03 महीने पहले थाना नन्दग्राम गाजियाबाद क्षेत्र से चोरी की थी तथा पुलिस से बचने के लिए हमने उसकी नम्बर प्लेट को बदल कर उस पर फर्जी नम्बर प्लेट लगा दी थी तथा इसी मोटर साइकिल से हम लोग राह चलते लोगो से मौका पाकर उनका मोबाइल फोन आदि छीन लेते है तथा चलते फिरते किसी व्यक्ति को अपनी मजबूरी बताकर कर सस्ते दामो पर मोबाइल फोन को बेचकर अपने शोक पूरे करते है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -**

(1) अमन उर्फ भूरा पुत्र असलम निवासी जाट वाली गली एसडी इंटर कालिज अशोक विहार लोनी गाजियाबाद उम्र 22 वर्ष।

(2) रिहान पुत्र शाहिद निवासी अखाडे वाले गली, मेहताब मेडिकल स्टोर के पास अशोक विहार लोनी गाजियाबाद उम्र 20 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण –**

(1) थाना नन्दग्राम से चोरी की गयी मोटर साइकिल टीवीएस अपाचे

(2) मोटर साइकिल पर लगी फर्जी नम्बर प्लेट

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग –**

अभियुक्तो के विरुद्ध थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पर उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है तथा थाना नन्दग्राम गाजियाबाद पर चोरी से सम्बन्धित 01 अभियोग, अभियुक्त रिहान पर **कुल 02 अभियोग** व अभियुक्त अमन उर्फ भूरा उपरोक्त के विरुद्ध थाना अंकुर विहार गाजियाबाद पर स्नैचिंग से सम्बन्धित 01 अभियोग, थाना लोनी गाजियाबाद पर चोरी का माल बरामदगी से सम्बन्धित 01 अभियोग, **कुल 04 अभियोग** पंजीकृत होना पाया गया है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक पुलिस टीम।

## थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा दो पहिया वाहन चोरी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद।

**कार्यवाही का विवरण:-** दिनांक 06/07.09.2026 की रात्रि मे थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान व मुखबिर की सूचना के आधार पर दो पहिया वाहन चोरी करने वाला 01 अभियुक्त रविन्द्र कुमार पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम खाई खेडा तहसील मवाना थाना मवाना जनपद मेरठ हाल पता गांव कनावनी थाना इन्दिरापुरम जनपद गाजियाबाद उम्र करीब 26 वर्ष को ग्रीन बैल्ट रोड कनावनी पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरुध्द थाना इन्दिरापुरम पर धारा 317(2),345(3) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण:-** गिरफ्तार अभियुक्त रविन्द्र कुमार से पूछताछ करने पर बताया कि अपने साथी राजू के साथ मिलकर दिल्ली, गाजियाबाद एनसीआर क्षेत्र से हम दोनों मिलकर दो पहिया वाहन चोरी करते है तथा उनकी नम्बर प्लेट बदलकर अपराध (स्नैचिंग आदि) की घटनाएं कारित करते है। हम दोनों मिलकर चोरी की मोटर साइकिल को सस्ते दामों में चलते फिरते जरूरतबंद लोगो को बेचकर जो रुपये मिलते है उनसे अपना शौक व खर्चा पूरा करते हैं। मुझसे बरामद उक्त मोटर साइकिल को

दिल्ली से चोरी किया था, जिसे बेचने की फिराक में ग्रीन बैल्ट रोड कनावनी पुलिया के पास घूम रहा था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**
रविन्द्र कुमार पुत्र कालीचरन निवासी ग्राम खाई खेडा तहसील मवाना थाना मवाना जनपद मेरठ हाल पता गांव कनावनी थाना इंदिरापुरम गाजियाबाद उम्र करीब 26 वर्ष।

**बरामदगी का विवरणः–**
कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद।
**गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-**
गिरफ्तार अभियुक्त रविन्द्र कुमार के विरूध्द थाना इन्दिरापुरम पर चोरी के 01 अभियोग पंजीकृत है, अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**
थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम।

## थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा दो पहिया वाहन चोरी की घटना कारित करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद।

**कार्यवाही का विवरणः-** दिनांक 16.08.2026 को थाना शालीमार गार्डन पर वादी श्री अशोक कुमार निवासी- न्यू काँलोनी करहैडा मोहन नगर जनपद गाजियाबाद की प्राप्त तहरीर के आधार पर ऐने टाईम फिटनेस 11/27,3rd फ्लोर राजेन्द्र नगर सै0-3 गाजियाबाद के पास से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर साइकिल को चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना शालीमार गार्डन पर धारा 303(2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया था। तत्पश्चात थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान व मुखबिर की सूचना के आधार पर आज दिनांक 07.09.2026 को बस स्टॉप शिव मंदिर के पास सै0-3 राजेन्द्र नगर जनपद गाजियाबाद से अभियुक्त हरजीत सिंह उर्फ अजीत पुत्र स्व0 भूपेन्द्र सिंह निवासी SC-122 महिन्द्रा एन्क्लेव शास्त्री नगर थाना कविनगर जनपद गाजियाबाद उम्र करीब 32 वर्ष को चोरी की मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध धारा 317(2) बीएनएस की बढौत्तरी कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।
**पूछताछ का विवरणः-** गिरफ्तार अभियुक्त हरजीत सिंह उर्फ अजीत ने पूछताछ में बताया कि मैने यह मोटर साइकिल लगभग 20 दिन पहले ऐने टाईम फिटनेस **11/27,3rd** फ्लोर राजेन्द्र नगर सै**0-3** गाजियाबाद के पास से चोरी की थी। उक्त मोटर साइकिल को सस्ते दामों में बेचने की फिराक में बस स्टॉप शिव मंदिर के पास सै0-3 राजेन्द्र नगर में घूम रहा था।
**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-**

हरजीत सिंह उर्फ अजीत पुत्र स्व0 भूपेन्द्र सिंह निवासी **SC-122** महिन्द्रा एन्क्लेव शास्त्री नगर थाना कविनगर जनपद गाजियाबाद उम्र करीब **32** वर्ष ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का अपराधिक इतिहास**

- गिफ्तार अभियुक्त हरजीत सिंह उर्फ अजीत के विरुद्ध थाना शालीमार गार्डन पर चोरी का 01 अभियोग पंजीकृत है । अन्य आपराधिक इतिहास की जानकरी की जा रही है ।

**बरामदगी का विवरणः-**

- कब्जे से चोरी की 01 मोटर साइकिल बरामद ।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः**

थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम ।

## थाना कविनगर पुलिस टीम द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे से 01 पिस्टल 32 बोर व 05 जिंदा कारतूस व 02 खोखा कारतूस बरामद ।

**कार्यवाही का विवरणः-**दिनांक 07.09.2026 को संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान अवैध पिस्टल मय कारतूस के अभियुक्त मानव उर्फ प्रेम पुत्र श्री मदनलाल निवासी सी 286 सेक्टर 11 विजयनगर थाना विजय नगर कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र 18 वर्ष को सैक्टर 23 रेलवे रोड राजनगर से गिरफ्तार किया गया है अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-**गिरफ्तार अभियुक्त मानव उपरोक्त से पूछताछ की गयी तो बताया कि सर मैने दिनांक 06.09.2026 को कोया कैफे राजनगर में अवैध पिस्टल से फायर किया गया था जिससे कैफे में अफरातफरी मच गयी और मैं मौके से भाग गया था । भागते समय मेरे सर में सीडियो पर गिर जाने से चोट भी लगी थी ।

**अभियुक्त का नाम पता-**

(1) मानव उर्फ प्रेम पुत्र श्री मदनलाल निवासी सी 286 सेक्टर 11 विजयनगर थाना विजय नगर कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र 18 वर्ष

**बरामदगी :-** 01 पिस्टल 32 बोर व 05 जिंदा कारतूस व 02 खोखा कारतूस

**गिरफ्तार करने वाले टीमः-**

थाना कविनगर पुलिस टीम जनपद गाजियाबाद

# थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा वाहन चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की मोटरसाइकिल बरामद ।

आज दिनांक 07.09.2026 को थाना मुरादनगर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वाहन चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों 1. आकिल पुत्र गुलशेर निवासी मोहल्ला झौड गांव सुल्तानपुर थाना मुरादनगर गाजियाबाद 2.अनस पुत्र वकील निवासी मोहल्ला झौड गांव सुल्तानपुर थाना मुरादनगर गाजियाबाद को थाना क्षेत्र मुरादनगर से गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद हुई जिसके संबंध में थाना खजूरी खास दिल्ली में चोरी का अभियोग पंजीकृत है। उपरोक्त चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मुरादनगर पर सुसंगत धारा-317(2)/345(3),317(5) बीएनएस के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## पूछताछ का विवरण-

अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि यह मोटरसाइकिल हम दोनों ने कुछ दिन पहले खजूरी खास दिल्ली से चोरी की थी तथा पकडे जाने से बचने के लिए मोटरसाइकिल पर फर्जी नम्बर प्लेट लगा ली थी। हम इसे बेचने कि फिराक में निकले थे कि पुलिस चेकिंग में पकडे गए ।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-

1. आकिल पुत्र गुलशेर निवासी मोहल्ला झौड गांव सुल्तानपुर थाना मुरादनगर गाजियाबाद, उम्र 19 वर्ष ।

2.अनस पुत्र वकील निवासी मोहल्ला झौड गांव सुल्तानपुर थाना मुरादनगर गाजियाबाद, उम्र 19 वर्ष।

## बरामदगी का विवरण-

कब्जे से चोरी की 01 मोटरसाइकिल फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुयी बरामद ।

## आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध थाना मुरादनगर पर उपरोक्त चोरी की मोटरसाइकिल की बरामदगी के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत किया गया है व  थाना खजूरी खास दिल्ली पर उपरोक्त चोरी की मोटरसाइकिल के संबंध में 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है ।

## गिरफ्तार करने वाली टीम-

थाना मुरादनगर पुलिस टीम।